CMYK
रायगढ़, शुक्रवार
20.7.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com
4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
वर्ष-2 अंक - 33

# मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या हुई आठ

## डीआरजी, जिला पुलिस बल और एसटीएफ की टीम ने की कार्यवाही

## मारे गए नक्सलियों से दो इंसास रायफल, दो थ्री नाट थ्री रायफल और एक पेनगन बरामद

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के तेलंगाना एवं ओडिसा से सटे सरहदी इलाको में डीआरजी तथा डीएफ की टीम को बड़ी सफलता मिली हैं। यहां उन्होंने मुठभेड़ में आधे दर्जन से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी इलाके तीमेनार की पहाड़ी में सुबह करीब साढ़े छ बजे पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या 8 हो गई है तथा उनके शवों को बरामद कर लिया गया है।

दंतेवाड़ा पुलिस की डीआरजी और एसटीएफ़का यह संयुक्त ऑपरेशन बताया गया है।इस मुठभेड़ के बाद बडी मात्रा में हथियार बरामद हुए है जिनमें कई



स्वचालित हथियार भी हैं। इस मुठभेड़ के बाद जिला पुलिस और डीआरजी की टीम को नक्सलियों से दो इंसास रायफल, दो थ्री नाट थ्री रायफल और एक पेनगन बरामद हुई है। मुठभेड़ की जानकारी देते हुए दंतेवाड़ा एडीशनल एसपी नक्सल आपरेशन गोरखनाथ बघेल ने बताया कि ऑपरेशन सफलतम रहा है, यह मुठभेड़ सुबह करीब छह से साढ़े छह के आसपास हुई, हमें लगता है बडी संख्या में नक्सली मारे गए है, मौके से बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं,सर्चिंग जारी है। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक कमललोचन कश्यप ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भैरमगढ़ एरिया कमेटी के साथ सुरक्षाबल के जवानों की मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबल के जवान बुधवार सुबह सर्चिंग के लिए निकले थे जिसमें डीआरजी और जिला पुलिस बल के साथ-साथ एसटीएफ की टीम भी शामिल है।

### सीएम रमन से गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने की फ़ोन पर बात, सुरक्षाबलों के ऑपरेशन पर दी बधाई

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा इलाके में सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा 8 नक्सलियों को मार गिराने के बाद राज्य और केंद्र सरकार सुरक्षा बलों के जवानों के इस ऑपरेशन से बेहद खुश है, आज हुए नक्सलियों के खिलाफइस बड़े ऑपरेशन के बाद देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह से फोन पर लंबी बातचीत की, राजनाथ सिंह ने सीएम रमन सिंह से इस ऑपरेशन को लेकर जानकारी पूछी और 8 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सीएम रमन सिंह को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर और सुरक्षा बल के जवानों को गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने बधाई दी है। गौरतलब है कि आज दंतेवाड़ा क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों ने बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए चार पुरुष नक्सली और 4 महिला नक्सली को मार गिराया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो साल बाद तुर्की में आपातकाल खत्म

इस्तांबुल (आरएनएस)। तुर्की में दो साल पहले लगाया गया आपातकाल गुरुवार को खत्म हो गया है लेकिन विपक्ष को आशंका है कि अब इसकी जगह और ज्यादा दमनकारी कानून वैध तरीके से लागू किए जा सकते हैं। साल 2016 में तख्तापलट की नाकाम कोशिश, अंकारा पर बमबारी और इस्तांबुल में हुई हिंसक झड़पों में 249 लोगों की मौत के बाद आपातकाल लगाया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, आपातकाल सामान्य तौर पर तीन महीने के लिए लागू रहता है लेकिन यहां इसकी अवधि सात बार बढ़ाई गई और यह आखिरकार बुधवार आधी रात को जाकर खत्म हुआ।

### पेट्रोलियम उत्पाद जीएसटी के दायरें में, बस तारीखों की घोषणा बाकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों को संवैधानिक रूप से वस्तु एवं सेवा कर के दायरे में शामिल कर लिया गया है मगर डीजल और पेट्रोल पर जीएसटी की दरें कब से लागू होंगी इसपर फैसला जीएसटी परिषद लेगी। जीएसटी परिषद में सभी राज्यों के वित्तमंत्री भी शामिल हैं। राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 279 ए (5) में कहा गया है कि जीएसटी परिषद पेट्रोलियम क्रूड, डीजल, मोटर स्पिरिट, प्राकृतिक गैस और विमान तेल (एटीएफ) पर जीएसटी लागू करने की तिथि की सिफारिश करेगी।

### खादी मिस इंडिया का ऑडिशन 21 को

#### शहर में पहली बार हो रहे बड़े आयोजन की चर्चा जोरों पर

रायगढ़। कला एवं संस्कारधानी की नगरी रायगढ़ प्रदेश में अलग पहचान बना चुका है। यूं तो रायगढ़ में कई संस्थाओं द्वारा रायगढ़ की आम जनता के मनोरंजन के लिए अनेको कार्यक्रम आयोजित किए थे। परंतु अब ऐसा देखने को मिलता है ये कार्यक्रम थम से गए हैं। युवा हेल्प क्लब के अध्यक्ष शाहनवाज खान की पहल से रायगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का आयोजन जिसका टायटल खादी मिस इंडिया 2018 का ऑडिशन रायगढ़ शहर में के लिए मंजूरी मिल गई है और इस आयोजन का ऑडिशन शनिवार 21 जुलाई को शहर के मध्य में स्थित ग्रैंड मॉल के चौथे तल में किया जाएगा। यह आयोजन केवल बालिकाओं के लिए है और इस आयोजन में केवल एक ही राउण्ड होगा। जिसमें कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने हुनर दिखाएंगी। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए, आयोजन समिति के मोबाईल नंबर 9171248301 में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

#### दिल्ली में होगा खादी मिस इंडिया फायनल

स्टेट फायनल राउण्ड से जिन प्रतिभागियों का चयन होगा वे भारत की राजधानी दिल्ली में होने वाले खादी मिस इंडिया फायनल में अपनी कला का अनुठा प्रदर्शन करते हुए मिस इंडिया 2018 के खिताब अपने नाम दर्ज करेंगी।

### निकाह हलाला मामले में पहली बार एफआईआर दर्ज

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में अपनी तरह के पहले मामले में एक व्यक्ति, उसके पिता और परिवार के अन्य सदस्यों पर पुलिस ने निकाह हलाला के नाम पर अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए रेप समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। व्यक्ति की पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसे कई बार तीन तलाक दिया गया और निकाह हलाला के नाम पर ससुर ने कई बार उसके साथ रेप किया। पुलिस ने मंगलवार को महिला के ससुर के खिलाफ रेप और पति पर अप्राकृतिक सेक्स का मामला दर्ज किया है। महिला के पति और परिवार के अन्य सदस्यों पर उत्पीड़न तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में अपनी आपबीती सुनाई। उसने कहा, 'मेरी जुलाई 2009 में मेरे पति के साथ शादी हुई थी और प्रेमनगर पुलिस स्टेशन के सुर्खा राजा चौक मोहल्ले में रहती थी।'

### 27 जुलाई गुरुपूर्णिमा को लग रहा है सदी का सबसे लंबा चंद्रग्रहण

नई दिल्ली। का सबसे लंबा चंद्र ग्रहण 27 जुलाई को लग रहा है. 27 जुलाई की रात 11.54 मिनट पर शुरू होने वाला यह चंद्र ग्रहण 3.49 मिनट तक रहेगा. चंद्र ग्रहण बेशक से आधी रात को लगेगा, लेकिन सूतक काल की शुरुआत दोपहर 2.54 मिनट पर ही हो जाएगी. इस दौरान 'ब्लड मून' भी दिखाई देगा. 27 जुलाई को गुरुपूर्णिमा भी है, इसलिए इस दिन लगने वाला चंद्र ग्रहण कई मायनों में खास है. ज्योतिष के मुताबिक, इस बार चंद्र ग्रहण मकर राशि पर लग रहा है.

## संसद भवन पर हमले के लिए निकले हैं खालिस्तानी आतंकी

### खुफिया इनपुट से खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आतंकियों ने एक बार फिर संसद भवन पर हमले की साजिश रची है। इस बार दो खालिस्तानी आतंकी नापाक मंसूबे के साथ दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद सेंट्रल और न्यू दिल्ली जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सूचना मिली है कि आतंकी उत्तर प्रदेश के रजिस्ट्रेशन नंबरवाली विस्फोटकों से लदी कार में आ रहे हैं।



सूत्रों ने जानकारी दी है कि दो आतंकी लखविंदर सिंह और परमिंदर सिंह नेपाल बॉर्डर से एक सफेद इनोवा (यूपी26 एआर 24**) कार से आ रहे हैं। इनपुट मिला है कि इन आतंकियों की उम्र 40 साल के करीब है और ये आईईडी बनाने में माहिर हैं।

इस इनपुट को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि यह दो सॉर्सेज से मिली है। एजेंसी के अलावा एक अनजान शख्स ने फोन कर भी दिल्ली पुलिस को ऐसी ही खबर दी है। सूचना देने वाले शख्स ने अपना नाम इकबाल बताया, जिसका नंबर 753490**** है। नई दिल्ली में एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।

### नेपाल में सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल के रूकम जिले में बुधवार को जीप दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीणलाल श्रेष्ठ ने सिन्हुआ को बताया कि रूकम जिले में तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई और खाई में जा गिरी। इस जीप में 11 लोग सवार थे, जिनमें से सात की मौत हो गई है।

श्रेष्ठ के मुताबिक, चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार घायलों को काठमांडू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अब दुश्मन के न्यूक्लियर मिसाइलों को ट्रैक कर सकेगा भारत

विशाखापट्टनम (आरएनएस)। भारत ने दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को ट्रैक करने के लिए एक बेहद सीक्रेट शिप को बनाने में सफलता हासिल की है। पीएम मोदी ने सत्ता में आने के बाद देश में न्यूक्लियर मिसाइल शील्ड बनाने के लिए मेक इन इंडिया के तहत इस शिप के निर्माण का आदेश दिया था। स्वदेश निर्मित इस अब तक के सबसे बड़े शिप के साथ ही भारत ने दुश्मन की बलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने की दिशा में एक और जरूरी क्षमता हासिल कर ली है।



इस परियोजना के एक शीर्ष प्रभारी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि इस साल दिसंबर महीने तक इसे नैशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन को सौंप दिया जाएगा। इस समुद्री निगरानी शिप को फिलहाल वीसी11184 नाम दिया गया है। इस शिप का अभी परीक्षण चल रहा है। जल्द ही इंडियन नेवी और एनटीआरओ की संयुक्त टीम समुद्र में इस शिप का परीक्षण करेगी। देश में निगरानी के काम में एनटीआरओ को महारत हासिल है।

हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के एमडी एलवी सरत बाबू ने कहा, हमने बेसिन ट्रायल पूरा कर लिया है और इसे सौंपने से पहले कई और परीक्षण किए जाएंगे। हमें उम्मीद है कि इस साल दिसंबर तक यह शिप सौंप दिया जाएगा।

### नेल्सन मंडेला को याद कर बराक ओबामा ने इशारों में ट्रंप पर बोला हमला

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नेल्सन मंडेला की 100वीं जयंती के मौके पर रंगभेद के खिलाफ उनकी लड़ाई को याद किया।

वॉइट हाउस छोड़ने के बाद अपने सबसे बड़े राजनीतिक भाषण में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए उन्हें जमकर सुनाया।

## सरकार के लिए चिंता का विषय, उठाए गए कदम

### मॉब लिंचिंग पर गृह मंत्री बोले

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में मॉब लिंचिंग यानी भीड़ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। लोकसभा में हंगामे के बीच केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने ऐसी घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि लिंचिंग की घटनाएं पहले भी



होती रही हैं। इस तरह की घटनाओं में जो भी हताहत होते हैं, यह किसी भी सरकार के लिए चिंता का विषय है। हालांकि कांग्रेस के सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने वॉकआउट किया।

देश में मॉब लिंचिंग के कारण कई लोगों की हत्याएं हुई हैं और कई घायल भी हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस पर गंभीरतापूर्वक कहा कि सरकार की तरफ से मैं ऐसी घटनाओं की कड़ी आलोचना करता हूं। राजनाथ सिंह ने कहा, सभी को यह जानकारी होगी कि इस तरह की घटनाएं अफवाहों या संदेह के आधार पर होती हैं।

## तीन साल में देश में बलात्कार के 1.10 लाख मामले दर्ज किए गए

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने बताया है कि 2014 से 2016 के दौरान देशभर में बलात्कार के 1,10,333 मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने बुधवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2016 में बलात्कार के 38,947 मामले दर्ज किए गए जबकि 2015 में 34,651 और 2014 में 36,735 मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने बताया कि 2014 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 3,39,457 मामले दर्ज किए गए जबकि 2015 में 3,29,243 मामले और 2016 में 3,38,954 मामले दर्ज किए गए।



## अब दो से ज्यादा बच्चे होने पर नहीं जाएगी सरकारी नौकरी

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान की वसुंधरा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। यह राहत उस कानून को लेकर है जिसमें दो से ज्यादा बच्चे होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रावधान था। सरकार अब यह प्रावधान हटाने जा रही है। इस संशोधन को बुधवार कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी गई है।

वसुंधरा राजे सरकार की कैबिनेट ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 की धारा 53 (ए) के अंतर्गत अनिवार्य सेवानिवृत्ति के प्रावधान को



हटाने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत 1 जून, 2002 के बाद दो से ज्यादा बच्चे होने पर राज्य कर्मचारी को अनिवार्य रिटायरमेंट देने का प्रावधान था। किंतु यह कार्यवाही राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम-1971 की धारा 25 (सी) के साथ ही की जा सकती थी, जिसे राज्य सरकार ने पहले ही 11 जून, 2016 को हटा दिया था।

संसदीय कार्य मंत्री राजेंद्र राठौर ने बताया कि बैठक में युद्ध एवं मिशन में वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय सेना के 8 जवानों के आश्रितों को आवासन मंडल की जयपुर स्थित आवासीय योजनाओं में एमआईजी (बी) श्रेणी के एक-एक आवास निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय किया गया।

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400